करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022 | 18

## गांधी पर विचार गोष्ठी

**हिंडौन सिटी ग्रामीण|** राजकीय महाविद्यालय में गांधी वर्तमान ही नहीं अपितु भविष्य भी विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. महेश कुमार गर्ग ने गांधी को करिश्माई व्यक्तित्व बताते हुये छात्रों को प्रेरित किया। डॉ.रीतेश जैन ने विश्व व मानवता के कल्याण के लिए गांधी के सिद्धांतों के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीना ने सामाजिक परिवर्तन के लिए गांधीवादी तकनीकों जैसे सप्तागृह, बहिष्कार आदि की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्रीनिवास गुर्जर ने सभी छात्र-छात्राओ को गांधी के स्वच्छता के संदेश को वास्तविक अर्थों में क्रियान्वित करने की अपील की। इसी अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं मनीषा कुमारी व राजनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।